हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 18 अगस्त 2025

06 24 घंटे के अन्दर चोरी के आरोपी को किया …



08 रात 12 बजते ही गूंजा हाथी घोड़ा पालकी, जय हो नंद …





**खबर संक्षेप**

### रोटरी क्लब मनाएगा 3 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**सीहोर।** दिव्यांग बच्चों के लिए, दिव्यांग दिवस या अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस जैसे पर्व मनाए जाते हैं, जो उनके अधिकारों, क्षमताओं, और समाज में समावेश के महत्व को उजागर करते हैं। ये पर्व जागरूकता बढ़ाने, भेदभाव कम करने, और समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मनाए जाते हैं। इसको लेकर आगामी 3 सितंबर को रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में 3 सितंबर को दिव्यांग दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसकी पहल करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर रक्षा बंधन का पर्व मनाया गया था। इस मौके पर क्लब के पदाधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों के मध्य खुशी का इजहार किया और इनका उत्साहवर्धन किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री विजयवर्गीय ने बताया कि दिव्यांगता कोई अभिश्राप नहीं होता है। क्लब के द्वारा दिवस मनाया जाएगा, इसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मुख्य उद्देश्य समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह लोगों को उनकी क्षमताओं, चुनौतियों और अधिकारों के बारे में शिक्षित करता है।

### 50 घरों के पंखे-फ्रिज जले, दो लोगों को करंट लगा



**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी की स्मार्ट मीटर टीम की गलत वायरिंग से बड़ा हादसा हुआ है। कस्बा क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान टीम की लापरवाही से करीब 50 घरों के बिजली उपकरण खराब हो गए। घटना रविवार दोपहर की है। स्मार्ट मीटर टीम कस्बा में सिटी मीटर डीपीआर लगा रही थी। इस दौरान गलत वायरिंग की वजह से तेज आवाज के साथ फॉल्ट हुआ। इससे कई घरों में बिजली उपकरण खराब हो गए। दो लोगों को करंट का झटका भी लगा। हादसे के बाद स्मार्ट मीटर टीम मौके से फरार हो गई। पूर्व पार्षद अशफाक खान ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू होने से ही कुछ न कुछ गड़बड़ियां हो रही हैं। उन्होंने मांग की है कि खराब हुए उपकरणों की भरपाई विद्युत वितरण कंपनी करे। विद्युत वितरण कंपनी के एई अतुलेश सिंह ने स्वीकार किया कि डीटीआर मीटर में फेज गलत जुड़ने से कुछ घरों का सामान खराब हुआ है। उन्होंने इसे स्मार्ट मीटर टीम की गलती बताया। वहीं, कंपनी के अधीक्षण यंत्री सुधीर शर्मा ने कहा कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।

**मौसम दिखा रहा अलग अलग रंग**

# अगस्त में घने कोहरे के लिहाफ में लिपटा दिखा शहर विजिबिलिटी 50 मीटर रही, 6 डिग्री लुढ़का तापमान

**सीहोर।** रविवार सुबह चारों ओर घना कोहरा छा गया। अगस्त माह में आमतौर पर तेज धूप और बारिश का दौर रहता है, लेकिन इस बार ठंडी हवा और नमी ने मिलकर मौसम को दिसंबर-जनवरी जैसा बना दिया। लोगों ने कहा कि पहली बार अगस्त में इतनी घनी धुंध देखी है। विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर रह गई, जिससे सुबह के समय यातायात प्रभावित हुआ।

**तापमान में 6 डिग्री की गिरावट :** शासकीय कृषि कॉलेज के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री से घटकर 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 से घटकर 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। तापमान में यह गिरावट कोहरे और लगातार बढ़ रही नमी के कारण आई है।

**24 घंटे में सबसे ज्यादा आष्टा में हुई 22 मिमी बारिश :** सीहोर जिले में पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा वर्षा आष्टा में 22 मिमी दर्ज की गई, जबकि रेहटी में 18.4 मिमी और सीहोर में 17.3 मिमी बारिश हुई। श्यामपुर व इछावर में 12-12 मिमी, भैंसदेही में 11 मिमी और जावर में केवल 2.2 मिमी वर्षा हुई। वहीं बुधनी में कोई वर्षा दर्ज नहीं हुई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि जिले में कहीं तेज तो कहीं बहुत कम बारिश दर्ज की गई।



**बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी :** वैज्ञानिकों का कहना है कि वर्तमान में आसमान में नमी का स्तर अधिक है और बादलों की सघनता भी बढ़ी हुई है। यही कारण है कि रविवार सुबह अचानक कोहरा छा गया। मौसम विभाग ने जिले के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका मतलब है कि अगले 24 से 48 घंटों में मध्यम से भारी वर्षा हो सकती है।

**लोगों में कौतूहल और चिंता :** अगस्त माह में कोहरे का नजारा देखकर लोगों में कौतूहल के साथ-साथ चिंता भी बढ़ी। किसान वर्ग ने कहा कि इस असामान्य मौसम का असर फसलों पर पड़ सकता है। वहीं, आम लोगों का कहना है कि कोहरे और बारिश की वजह से यातायात और दैनिक जीवन प्रभावित हो सकता है। जिले में मौसम की यह करवट चर्चा का विषय बनी हुई है।

**इस सीजन में अब तक बुधनी में सबसे ज्यादा बारिश**

1 जून 2025 से अब तक सीहोर जिले में सबसे ज्यादा वर्षा बुधनी में 1001.0 मिमी दर्ज की गई, जबकि रेहटी 906.8 मिमी और सीहोर 709.8 मिमी पर रहे। सबसे कम वर्षा जावर में 462.2 मिमी दर्ज की गई। औसतन जिले में 711.4 मिमी बारिश हुई है। पिछले साल की इसी अवधि तक औसतन 788.5 मिमी वर्षा हो चुकी थी। यानी इस साल अब तक करीब 77 मिमी कम बारिश हुई है।

### सर्व हिंदू संगठन का लव जिहाद को लेकरअनिश्चितकालीन बंद का आह्वान

# सीहोर में धर्मांतरण का मामला उजागर, इछावर में लव जिहाद पर बंद, हिंदू संगठन उग्र, पुलिस अलर्ट

सीहोर में धर्मांतरण के मामले ने सनसनी फैला दी, वहीं इछावर में लव जिहाद पर शहर बंद और भारी विरोध हुआ। हिंदू संगठनों ने आरोपी की संपत्ति ध्वस्त करने की मांग की और पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/इछावर

जिला मुख्यालय सीहोर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रविवार को तब सुर्खियों में आ गई जब एक मकान में चल रही ईसाई प्रार्थना सभा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में लोग बाइबिल और अन्य धार्मिक पुस्तकें पढ़ते दिखे। मामला सामने आते ही शहर का माहौल गरमा गया और हिंदू संगठनों ने इसे सीधे-सीधे धर्मांतरण का प्रयास बताया।सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सभा में शामिल लोगों से पूछताछ की। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भोले-भाले लोगों को पहले प्रार्थना सभा में बुलाया जाता है और फिर धीरे-धीरे उन्हें धर्म परिवर्तन की ओर धकेला जाता है। इस अचानक हुई कार्रवाई से सभा में अफरा-तफरी मच गई। सर्व हिंदू संगठन ने लव जिहाद को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया है।

**पुलिस पहुंची मौके पर, 15 लोग थाने लाए गए :** मामले की गंभीरता देखते हुए पुलिस तुरंत हरकत में आई और 8 पुरुष, 3 महिलाएं और कुछ बच्चों सहित कुल 15 लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली थाने ले आई। सीएसपी डॉ. अभिनंदन शर्मा ने कहा कि जांच जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड धर्मांतरण की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस।



**इछावर।** हाईवे किनारे आरोपी की रखी अवैध गुमठी को हटाते हुए नगर पंचायत का हमला

**पुलिसकर्मी का नाम आने से सनसनी :** इस मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब संदेहियों में कोतवाली थाने का ही एक आरक्षक वीरेंद्र अहिरवार शामिल मिला। सूत्रों के अनुसार, वह इस पूरी गतिविधि का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। इससे न केवल आमजन में बल्कि पुलिस विभाग में भी हलचल मच गई है।

**इछावर में लव जिहाद को लेकर शहर बंद :** इधर, सीहोर जिले के इछावर नगर में लव जिहाद का मामला सामने आने के बाद रविवार को पूरा शहर बंद रहा। आरोप है कि मोहसिन उर्फ राहुल ने एक 23 वर्षीय युवती को अपना नाम बदलकर धोखा दिया, शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। इस घटना ने हिंदू समाज को आक्रोशित कर दिया। व्यापारियों ने दुकानें बंद रखीं और हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए।

**हिंदू संगठनों की कड़ी प्रतिक्रिया :** हिंदू संगठनों ने धर्मांतरण की इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि यदि ऐसी गतिविधियों को तुरंत नहीं रोका गया तो समाज में बड़े पैमाने पर तनाव फैल सकता है। संगठनों ने प्रशासन से आरोपी की संपत्ति तक ध्वस्त करने की मांग की है।

**समाज की चेतावनी और हनुमान चालीसा का पाठ :** आजाद चौक से रैली निकालकर लोग तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान समाज ने आरोपी मोहसिन की संपत्ति ध्वस्त करने की मांग की और एक घंटे का अल्टीमेटम दिया। तहसील कार्यालय परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और प्रशासन को चेतावनी दी गई कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो समाज खुद कार्रवाई करेगा।

**प्रशासन अलर्ट पर**

इछावर में एसडीओपी रोशन जैन और थाना प्रभारी पंकज वाडेकर भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे। वहीं सीहोर थाने के बाहर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो।

**घटनाओं ने बढ़ाई जिले में सनसनी**

सीहोर और इछावर की दोनों घटनाओं ने पूरे जिले में तनाव और आक्रोश फैला दिया है। एक ओर धर्मांतरण का मामला पुलिस विभाग तक को कटघरे में खड़ा कर रहा है तो दूसरी ओर लव जिहाद का मुद्दा समाज की अस्मिता से जुड़कर लोगों को सड़कों पर ला रहा है। प्रशासन अब अलर्ट मोड पर है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है।

### लूट का खुलासा: 12 लाख रुपए का काम जब्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

**रेहटी।** लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के अंदर छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए 2.5 लाख रुपए नकद, सोने की चेन सहित घटना में प्रयुक्त कार सहित कुल 12 लाख रुपए का सामान बरामद किया है। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को फरियादी पिंटू उर्फ दुर्गादास साकोरे, निवासी नागपुर ने थाना रेहटी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सलकनपुर में एक व्यक्ति से इलाज कराने आया था। आरोपी ने फरियादी को बहाने से सुनसान स्थान पर बुलाकर अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी कार के पास लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने सूचना मिलते ही शाहगंज की ओर जा रही संदिग्ध अर्टिगा कार को घेराबंदी कर रोका गया, जिसमें सवार व्यक्तियों से पूछताछ में उन्होंने लूट करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी और चेन बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी प्रकाश नाथ उर्फ गोस्वामी पिता हलके नाथ सुंदर नाथ पिता लक्ष्मण नाथ, शिवनाथ पिता मुन्ना नाथ, सुरेंद्र सारवाना पिता छदामिलाल, देवेन्द्र नाथ पिता मुकेश नाथ, भुजवल नाथ पिता दीना नाथ सभी निवासी जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया है।



# एसपीजी के अवैध कारोबार का खुलासा गैस रिफिलिंग के दौरान भड़क उठी आग



**सीहोर।** जिले में चोरी-छिपे एलपीजी गैस रिफिलिंग का खतरनाक कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। शनिवार रात करीब 8 बजे इछावर नगर के वार्ड क्रमांक 2 में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक चार पहिया वाहन में गैस रिफिलिंग के दौरान अचानक आग भड़क उठी। वहां मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने आग पर काबू पा लिया, वरना पूरा वाहन और आसपास का क्षेत्र भीषण हादसे का शिकार हो सकता था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

जिले में अनेक स्थान पर चोरी छिपे घरेलू सिलेंडरों से गैस निकालकर न सिर्फ कमर्शियल सिलेंडरों में भरी जा रही है, बल्कि चार पहिया और अन्य वाहनों में भी सीधे एलपीजी भरने का काम किया जा रहा है। यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है बल्कि लोगों की जान को भी गंभीर खतरे में डाल रहा है। इच्छावर में हुई घटना के संबंध में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया। मामले में जांच की जा रही है और जिम्मेदार लोगों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी है। बावजूद इसके, आमजन का कहना है कि जब तक प्रशासन कड़े कदम नहीं उठाएगा, तब तक यह अवैध कारोबार थमने वाला नहीं है।

**छापामार कार्रवाई भी बेअसर**

प्रशासन समय-समय पर कार्रवाई करता है, लेकिन गैस माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। लगभग तीन महीने पहले इंदौर–भोपाल हाईवे पर नायरा पेट्रोल पंप के पीछे एक टिन शेड से अवैध गैस रिफिलिंग का भंडाफोड़ किया गया था। यहां से कुल 51 सिलेंडर जब्त किए गए थे। उस कार्रवाई में अधिकारियों ने 6 भरे हुए एचपी के कमर्शियल सिलेंडर, 6 खाली कमर्शियल भारत गैस सिलेंडर, 1 घरेलू इंडियन सिलेंडर और 39 खाली एचपी के कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए थे। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, गैस ट्रांसफर पाइप, नोजल, फिल्टर और पाइप सेट जैसी सामग्री भी जब्त की गई थी। इसके बावजूद शहर में आज भी अवैध रिफिलिंग का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है।

**जनता में गुस्सा, कार्रवाई की मांग**

शहरवासियों का कहना है कि यह धंधा गैस माफियाओं और प्रशासनिक मिलीभगत के बिना संभव ही नहीं है। लोग खुलकर कह रहे हैं कि यदि सख्ती नहीं की गई तो किसी भी दिन सीहोर बड़ा हादसा झेल सकता है। आम जनता मांग कर रही है कि दोषियों को पकड़कर कठोरतम सजा दी जाए और जिले को इस खतरनाक कारोबार से मुक्त किया जाए।

**वाहनों और घरों की सुरक्षा पर संकट**


अवैध रूप से चल रही रिफिलिंग गतिविधियां लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा बन चुकी हैं। वाहनों में गैस भरने की घटनाएं आम हो रही हैं, जबकि सुरक्षा मानकों के बिना ऐसा करना सीधे-सीधे विस्फोट का कारण बन सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो किसी दिन यह शहर के लिए बड़ी त्रासदी का रूप ले सकता है।

### कुबेरेश्वरधाम पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे

# भादौ में भी सीवन से कांवड़ में जल भरकर श्रद्धालु कर रहे भगवान शंकर का अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भव्य कांवड यात्रा के समापन होने के बाद भी हर रोज जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर देश भर के श्रद्धालु आ रहे है और यहां पर विशेष पूजा अर्चना का क्रम जारी है। इन दिनों महाराष्ट्र में सावन का माह चल रहा है और अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की प्रेरणा से शहर के सीवन नदी के तट से धाम तक भगवान के जयकारों के साथ श्रद्धालु आ रहे है। रविवार को भी पहुंचे कांवड यात्रियों का विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, मनोज दीक्षित



मामा सहित अन्य ने स्वागत और सम्मान किया। समिति के मीडिया प्रभारी श्री दीक्षित ने बताया कि रविवार को नासिक, मुंबई, अमरावती, धुले, अकोला आदि क्षेत्र से आए कांवड यात्रियों ने बताया कि हमारे क्षेत्र में सावन के महीनें में भक्त भगवान शिव की पूजा करते है और सावन के दिनों में भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। श्रावण मास अमावस्या से अमावस्या तक गिना जाता है, जबकि देश के कुछ हिस्सों में पूर्णिमा से पूर्णिमा तक मनाया जाता है। मध्यप्रदेश सहित अन्य क्षेत्र में सावन माह के समापन के पश्चात इन दिनों महाराष्ट्र में सावन के माह का क्रम जारी है। महाराष्ट्र प्रांत से आने वाले अनेक श्रद्धालु नियमित रूप से यहां पर आते है और भजन-कीर्तन के साथ भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। धाम पर आने वाले लाखों की संख्या में श्रद्धालु कंकर-कंकर शंकर की पूजा अर्चना करते है।

खबर संक्षेप



### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में कृष्ण महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए प्राचार्य डॉक्टर रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि यदि हमारा प्रत्येक कदम सही और सच्चा होगा, हम कर्म में ही आनंद का अनुभव करेंगे तो यह निश्चित है की प्रकृति हमें उतने ही सच्चे परिणाम देगी और जीवन में सफलता हर कदम पर साथ रहेगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के भजन, गीत तथा नृत्यों की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में डॉ तृप्ता झा, डॉ शीलचंद्र गुप्ता सहित शैक्षणिक स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

## हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, जगह-जगह हुए ध्वजारोहण

# सामूहिक आयोजन में ध्वजारोहण उपरांत पहुंची मेजबान एसडीएम

**स्वतंत्रता दिवस पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। वहीं नगर के सामूहिक समारोह में ध्वजारोहण सुबह नौ बजे किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर







सोहागपुर में स्वतंत्रता दिवस पर्व शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। नए बस स्टैंड पर आयोजित सामूहिक आयोजन में नपाध्यक्ष लता पटेल की उपस्थिति में जपं अध्यक्ष जालम सिंह ने ध्वजारोहण किया। आयोजन में स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

सामूहिक आयोजन के पहले नप कार्यालय में नपाध्यक्ष लता पटेल ने ध्वजारोहण किया। सेंट पैट्रिक स्कूल में प्राचार्य फादर दिलीप मिंज, सरस्वती शिशु मंदिर में आरवी जायसवाल, पं. जेएलएन स्मृति कॉलेज सोहागपुर में कन्नूलाल अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। एसटीआर एडी अंकित जामोद, रेंजरद्वय राहुल उपाध्याय व सुमित पांडे, एसएडीओ एसके बर्डे, टीआई ऊषा मरावी ने अपने कार्यालयों में ध्वजारोहण किया। क्षेत्रवासियों को भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, युमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, प्रवीण साहू समाजसेवी, डॉ. ज़ोएब अली, शरद दुबे शोभापुर, पर्यावरण संस्था डायरेक्टर गोलू अग्रवाल, नीरज रघुवंशी, सौरभ संतोष सोनी, डॉ. तुषार अग्रवाल, डॉ. सोनल अग्रवाल, ऋषभ दीक्षित, प्रमोद रघुवंशी, पटवारी विक्रम परते व नागेश निवारिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौधरी, सरपंचों बड़ीबाई, सुरेश कुशवाहा, खुशबू रघुवंशी, अशोक ब्रह्मवंशी ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी है।

### मेहमान समय पर, मेजबान लेटलतीफ

नगर के सामूहिक समारोह में ध्वजारोहण सुबह नौ बजे किया गया। लेकिन मेजबान एसडीएम प्रियंका भल्लावी सात मिनट बाद पहुंचीं। मीडिया द्वारा सवाल पर उन्होंने बताया कि तहसील कार्यालय में ध्वजारोहण कर वे सेमरी मंडी में बतौर भारसाधक अधिकारी ध्वजारोहण करने के लिए गई। तथा अत्यधिक ट्रैफिक के कारण वे समय पर सामूहिक आयोजन स्थल नहीं पहुंच सकी। भल्लावी ने अतिथियों के समक्ष खेद भी व्यक्त किया। नागरिकों के अनुसार भल्लावी मैडम से पहले के मेजबान एसडीएम सेमरी मंडी व अपने कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए भी सामूहिक आयोजन स्थल तक समय पर पहुंच जाते थे। जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता दिवस के सरकारी कार्यक्रम में मेजबान की देर से आमद पर नाखुशी व्यक्त की है।

# 24 घंटे के अन्दर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से नकदी 17000 रुपए व घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड की गई जब्त**



**भैरुंदा।** 14 अगस्त 2025 को फरियादी कैलाश कुमार पिता जगराम प्रजापति जाति कुम्हार उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्र 11 बजरंग कुटी भैरुंदा मो.न. 9179595657 ने रिपोर्ट किया कि जयरामा पीर किराना के नाम से घर पर ही दुकान चलाता हूं दिनांक 09.08.25 के रात्रि करीबन 09.00 बजे से दिनांक 10.08.2025 के बीच कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोडकर रात्रि मे दुकान के लाकर से करीबन 25000 रूपये चोरी कर ले गया। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक – 451/2025 धारा 331(4),305 बीएनएस का पंजीबद्द कर अनुसंधान मे लिया गया।

सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा नकबजनी की घटना की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही कर आरोपीगण की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत व एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भैरूँदा द्वारा अपराध क्रमांक 451/25 धारा – 331(4),305 बीएनएस के अज्ञात आरोपी तलाश हेतु टीम गठित की गयी। आरोपीगण की तलाश हेतु मुखबिर तत्रं को सक्रिय किया गया व नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए जिसके आधार पर आरोपी की पहचान स्थापित की गई। एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर आरोपी आयुष वारिवा पिता चैन सिंह वारिवा उम्र 19 साल निवासी बजरंगकुटी भैरूंदा को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपी के पेश करने पर नगदी 17000 रूपये व घटना मे प्रय्रुक्त लोहे की राड जप्त की गई। आरोपी आय्रुष वारिवा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### प्रवेश के लिए 28 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**सीहोर।** फार्मेसी कॉलेजों में बी-फार्मा और डी-फार्मा कोर्सेस में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। डायरेक्टोरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा पहले चरण के रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त से शुरू किए गए थे, जो 28 अगस्त तक चलेंगे। अभ्यर्थियों को कॉलेज चयन के लिए 29 अगस्त तक चॉइस फिलिंग करनी होगी।

# उत्कृष्ट सीहोर में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण : राधा-कृष्ण की झांकीः नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण के वेश में मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। नृत्य और संगीतः विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने नृत्य और संगीत के माध्यम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। प्रतियोगिताएंः विद्यालय में नृत्य, भजन, श्लोक गायन, डांडिया नृत्य और मटका फोड़ (जिसमे आंख पर पट्टी बांधकर) जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

दही हांडी प्रतियोगिताः छात्रों के लिए दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था। कार्यक्रम का आयोजन जयकिशन जोशी सर,अरविंद सर, प्रीति पविया रहे। डॉ. राजेंद्र देशमुख और संगीता भार्गव मैडम द्वारा व्याख्यान दिया गया। विद्यालय की प्राचार्य सुनीता जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हमें अपने कर्तव्यों को पूरा करने और बिना किसी स्वार्थ के कर्म करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी छात्रों और शिक्षकों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता पाठक,डॉक्टर देवेंद्र साहू, रामबृक्ष भारद्वाज,राजकुमार, अवध,सहित समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### छात्र उपस्थिति व छात्र संख्या बढ़ाने शिक्षकों कि अभिनव पहलः स्वयं के व्यय से शाला में लगवाए आकर्षक झूले



**सीहोर ।** सीहोर शहर से नजदीक ग्राम कोड़यिाछीतु की शासकीय नवाचारो के लिए जिले के साथ-साथ प्रदेश में अपनी पहचान बना चुकी शासकीय माध्यमिक शाला कोड़यिाछीतु के शिक्षकों ने अपने विद्यालय में छात्र उपस्थिति एवं छात्र संख्या बढ़ाने का नया नवाचार किया हैं। शाला प्रभारी संजय सक्सेना ने बताता की शाला में 80 प्रतिशत उपस्थिति हमेशा बनी रहती हैं परन्तु शेष 20 प्रतिशत बच्चों को नियमित शाला में लाने एवं नियमित शाला में बने रहने ओर शाला कि छात्र संख्या बढ़ाने का अपना विचार को शाला के सभी शिक्षकों के बीच रखा तो सभी ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुए शाला बच्चों के आकर्षक झुले एवं बच्चों को शारारिक स्वास्थ्य के हाइट बढ़ाने के लिए झुले लगवाने का विचार किया ओर इन झुले के बनाने के लिए शिक्षक संजय सक्सेना, शैलेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह चौहान, देवकरण मालवीय, श्रीमती फूलवती सेन , शशिबाला नामदेव, मंजू राठोर, माधुरी जोशी ने झूलो में लगने वाली राशि तीस हजार रुपये की राशि सभी शिक्षकों के सहयोग से एकत्रित की जिससे शाला परिसर में बच्चों के लिए आकर्षक झुले बनवाये। जिसका परिणाम यहां हुआ कि शाला में अब शतप्रतिशत उपस्थिति रहने लगी हैं ओर इस वर्ष में अब तक अशासकीय विद्यालय के एक दर्जन से अधिक बच्चों ने अपने गांव की शासकीय शाला में प्रवेश लिया है । ये बच्चे पहले सीहोर के आशासकीय विद्यालयो में जाते थे । शासकीय विद्यालय में बेहतर शिक्षा एवं सुविधा के कारण ग्राम कोड़यिा छीतु में कोई भी आशसकीय विद्यालय नहीं है। शासकीय विद्यालय को जिले के पहले स्मार्ट क्लास का जनक भी कहा जाता हैं । विद्यालय में पूर्व अनेक नवाचार किए हैं जिसे जिले के साथ - साथ प्रदेश स्तर पर सराहना कि गई हैं । विद्यालय द्वारा जिले कि पहली स्मार्ट क्लास रूम वाली शाला, 8 वी पास कर आगे अध्ययन करने जाने वाली बालिका को बारिश से बचने लिए रेनकोट भेंट , विद्यालय में आकर्षण पुस्तकालय का निर्माण, 8वी के बाद बालिकाओ गाँव से आगे अध्ययन करने भेजने वाले पलकों का सम्मान, कबाड़ से जुगाड़ शिक्षा यन्त्र , अंग्रेजी विषय को सरल बनाने के लिए मार्गदर्शिका जैसे कई नवाचार किये हैं। शाला में आकर्षक झुले लगने से बच्चों में नई ऊर्जा ओर उत्साह बना है इस पहल कि ग्रामीण भी सराहना कर रहे हैं।

## अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि




**भैरूंदा।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर भैरूंदा नगर के अटल उद्यान में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं नेअटल बिहारी वाजपेयी जी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के एक आदर्श पुरुष थे, जिन्होंने राजनीति को मूल्यों, मर्यादा और राष्ट्रहित से जोड़ा। उनके नेतृत्व में भारत ने परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र के रूप में अपनी वैश्विक पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि वाजपेयी जी का जीवन और विचार आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि भाजपा, अटल जी के सुशासन, विकास और 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र को आत्मसात करते हुए जनता की सेवा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने भारत को विश्वगुरु बनाने के उनके संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय , नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, सहित कई वरिष्ठ नेता, मंडल के,पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बुधनी में अर्चना तिवारी मिसिंग केस, रेलवे ट्रैक पर चला सर्चिंग अभियान



**बुधनी।** अर्चना तिवारी मिसिंग मामले में सुराग तलाशने के लिए पुलिस की पहल पर वन विभाग और रेलवे की संयुक्त टीम ने रविवार को बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया। अधिकारियों की यह विशेष टीम करीब 25 किलोमीटर लंबे रेलवे ट्रैक पर अलग-अलग हिस्सों में सर्चिंग करती नजर आई।चार गाड़ियों के काफिले में पहुंची संयुक्त टीम ने रेलवे ट्रैक से लगे जंगल और ऊबड़-खाबड़ रास्तों की गहन तलाशी ली। इस दौरान अधिकारियों को कई जगह बड़ी जद्दोजहद का सामना करना पड़ा। उफनते नाले से गुजरते समय अधिकारी भीगते और संघर्ष करते नजर आए। कठिन परिस्थितियों के बावजूद एमएस सोमवंशी के नेतृत्व में पूरी टीम ने अभियान को अंजाम दिया।करीब 10 किलोमीटर जंगल के भीतर जाकर टीम रेलवे ट्रैक तक पहुंची और यहां अर्चना तिवारी से जुड़े संभावित साक्ष्यों की तलाश में जुटी रही।सर्चिंग टीम का फोकस इस बात पर रहा कि कहीं भी कोई अहम सुराग छूट न जाए, जिससे मामले की गुत्थी सुलझाने में मदद मिल सके।गौरतलब है कि अर्चना तिवारी मामले को लेकर पुलिस और प्रशासन लगातार सक्रिय है। अब देखना होगा कि यह सर्चिंग ऑपरेशन जांच की दिशा में कितनी सफलता दिलाता है।

# 42 युवाओं ने किया रक्तदान, डोनर्स को दिए प्रमाण-पत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

क्षेत्र के गांव आर्या में रहने वाले स्वर्गीय जगन्नाथ सिंह सिसोदिया की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को गांव में परिजनों द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सिसोदिया को श्रद्धांजलि देने के साथ ही युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन जिला ब्लड सेंटर के सहयोग से किया गया था, जिसमें परिजनों के अलावा गांव के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए करीब 42 युनिट ब्लड डोनेट किया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी अभय कुमार मेहता , पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनारसिंह ठाकुर , पूर्व मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष रामनारायण परमार, अनीस अहमद कुरैशी, अनिल राठी, अहमद मंसूरी सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान श्री मेहता ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपके द्वारा दिए गये रक्त से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में ब्लड डोनेट अवश्य करना चाहिए। सभी गणमान्य लोगों ने श्री सिसोदिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में दीवड़िया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. सागर मीणा ने रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिला ब्लड सेंटर टीम के निर्मल कटारिया, प्रियंका, दानिश खान , अंश कुमार ने रक्त संग्रह किया। इस दौरान वीरेंद्र ठाकुर, रामपाल सिंह सिसोदिया,सुनील जाट आदि ने अपना ब्लड डोनेट किया है।

# उत्साह के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**रेहटी।** नगर रेहटी सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारों के साथ प्रभात फेरी निकाली। नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा नगर के पुराने बस स्टैंड पर गांधी चबूतरे पर ध्वजारोहण किया गया। मुख्यमंत्री के संदेश का वचन भी किया इस अवसर पर उन्होंने नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों एवं नगर वासी मौजूद रहे।

# जिले में ड्रॉपआउट को रोकने के लिए कलेक्टर की पहल पर प्रारंभ किया गया है शिक्षा गूंज नवाचार



**सीहोर।** पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम जहांगीरपुरा में आयोजित मध्यान भोजन कार्यक्रम के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल-कॉलेज से ड्रॉपआउट को रोकने के लिए किए जा रहे नवाचार के तहत विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए।

कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा जिले में विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट को कम करने के लिए शिक्षा गूंज नामक नवाचार किया गया है। इस नवाचार के तहत विभिन्न गतिविधियों द्वारा विद्यार्थियों तथा उनके परिजनों को आगे की पढ़ाई जारी रखने और अगली कक्षा में एडमिशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में शत-प्रतिशत एडमिशन हों और कोई भी बच्चा शिक्षा से ड्रॉपआउट न करे। इस के तहत जिले के कक्षा एक से कक्षा बारहवीं तक के बच्चों को कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रेरित किया गया। इस नवाचार का परिणाम यह हुआ है कि पहले जिले में शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में ट्रांजेक्शन गेप 46344 था, जो अब मात्र 12,997 रह गया है। इस नवाचार के तहत इस ट्रांजैक्शन गैप को कम करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस नवाचार के तहत ऐसे बच्चे जो किसी कारण से आगे की पढ़ाई जारी नही रख पा रहे हैं, उनके लिए आगे की योजना बनाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा विगत दिवसों में जिले के सभी स्कूल-कॉलेज के प्राचार्यों की बैठक आयोजित कर निर्देश दिए कि गए थे कि जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में शत-प्रतिशत एडमिशन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही बच्चों तथा उनके अभिभावकों को आगे की स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया जाए।

**राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने की भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना**

# भगवान श्रीकृष्ण का गीता ज्ञान हमें कर्म का मार्ग दिखाता हैः राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर स्थित जगदीश मंदिर में जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्णा पर्व एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए और भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। इस दौरान विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन की ओर से आए भजन गायक श्री अनुराग त्रिपाठी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर केंद्रित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, कर्तव्य और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें उनके जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि जीवन के हर संघर्ष का समाधान धैर्य, नीति और प्रेम से किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक भगवान नहीं, बल्कि एक जीवन शैली हैं, जिनके हर चरण में प्रेम, करुणा, धर्म और निष्काम कर्म का संदेश छिपा है। उनका जीवन हमें कर्मयोग और न्याय की राह दिखाता है। आज के समय में अनेक चुनौतियों और संकटों का सामना करने में गीता ज्ञान हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर सन्नी महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# अज्ञात बदमाशों ने मंदिर में मूर्तियों को किया खंडित घटना से क्षेत्र में आक्रोश, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



समीपस्थ ग्राम पोलाय में अज्ञात बदमाशो द्वारा रियासत कालीन श्रीराम मंदिर में घुस कर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एंव माता जानकी की मूर्तियां खंडित कर दी गई। बदमाशो ने तीनों प्रतिमाओं के अलग-अलग टुकड़े कर मंदिर में छोड़ दिया। जानकारी अनुसार ग्राम पोलाय में प्राचीन श्रीराम मंदिर गांव के अंतिम छोर पर स्थित है जिसमें श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम के दौरान शनिवार सुबह से ही श्रृद्धालुओं का आना जाना लगा रहा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन सुबह से ही देर रात 2 बजे तक मंदिर परिसर में चलता रहा। वर्तमान पुजारी कपिल वैष्णव ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे जब उसने मंदिर के पट खोले तब तक भगवान की मूर्तियां सुरक्षित थी। उसके बाद सुबह 6 बजे के आसपास श्रद्धालु रामेश्वर यादव मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए आए तब भी भगवान की मूर्तियां सुरक्षित थी, लेकिन जब मंदिर पुजारी सुबह 6:30 के आसपास आया तब मंदिर की मूर्तियां टूटी हुई और खंडित मिली। पुजारी ने इसकी सूचना मुख्य पुजारी कैलाश वैष्णव एवं ग्रामीणों को दी। इसके बाद सभी ग्रामीण एकत्रित होकर अज्ञात बदमाश के खिलाफ कमलापुर पुलिस को एक आवेदन देकर आए जिसमें थाना प्रभारी उपेंद्र नाहर मौका-मुआयना करने मंदिर पहुंचे। थाना प्रभारी कमलापुर उपेंद्र नाहर ने बताया कि अज्ञात द्वारा मूर्तियां तोड़ने का आवेदन प्राप्त हुआ है। मैंने वहां जाकर स्थिति की जानकारी ली है पुलिस घटना की जांच की जा रही है।वही बागली तहसीलदार नीरज प्रजापति ने बताया कि श्री राम मंदिर पुजारी ने मोबाइल पर अज्ञात बदमाश द्वारा मंदिर में मूर्ति तोड़ने की सूचना दी है, मैंने पटवारी को मौके पर जाने का कहा है।

# रानी अवंतिका बाई लोधी की जयंती पर निकला विशाल चल समारोह



**भौंरासा।** नगर में लोधी समाज द्वारा शुक्रवार को रानी अवंतिका बाई लोधी की जयंती के अवसर पर नगर में विशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें भौंरासा नगर के समस्त समाज बंधुओं के साथ-साथ आसपास के भी लोधी समाज के बंधु-बांधव शामिल हुए। यह जुलूस राम मंदिर लोधी समाज से शुरू होकर बस स्टैंड छोटे हनुमान चौक मालीपुरा होते हुए एमजी रोड से फिर राम मंदिर पहुंचा,जहां जुलूस का समापन हुआ। जुलूस का स्वागत रास्ते में जगह-जगह किया गया जिसमें मुख्य तौर पर नगर परिषद कार्यालय पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद सचिन यादव, राजेंद्र यादव, छोटू लाल लोधी, अफजल मंसूरी, बाबूलाल हेड़ा, बाबूलाल डोडिया, आराम सिंह कुमावत, मांगीलाल पटेल, मंडल महामंत्री संजय यादव, सरपंच सुमेर नागर, अर्जुन सेंधव, भागीरथ एमएलए सहित नगर के गणमान्य नागरिक व नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा परिषद के सामने जुलूस में चल रहे समाज के वरिष्ठ लोगों का दुपट्टा डालकर व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत मंचों में सभी मंचों से जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# घायल व मृत अवस्था में मिले गौवंश

**देवास।** श्री राजपूत करणी सेना द्वारा जिलाध्यक्ष देवेन्द्रसिंह खटाम्बा ने बताया कि हमें सूचना प्राप्त हुई कि जॉन डियर कंपनी के सामने रोड से 250 मीटर दूर सुनसान जगह पर अज्ञात वाहन से अज्ञात लोगों द्वारा 5 केडे मृतक अवस्था में व 3 केड़े घायल अवस्था में छोड़े गए। जानकारी लगते ही श्री राजपूत करणी सेना व हिन्दू संगठन पहुंचे। सूचना मिलने पर टी आई भी मौके पर पहुंचे तथा डॉक्टरों की टीम बुला कर घायल गौ वंश का उपचार करवाया गया। उपचार के बाद उन्हें नगर निगम की टीम द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। इस अवसर पर जीतू रघुवंशी, रतनसिंह, दरबार सिंह,राजा धाकड़, सतीश धाकड़, अंकित लाला, कुन्दन वर्मा, शुभम सिंह, अजय सिंह, धर्मेंद्र सिंह, दलवीर सिंह आदि उपस्थित थे।




# भाजपा जिला अध्यक्ष सहित मातृ शक्तियों ने बनाई मिट्टी की गणेश प्रतिमा

**देवास।** उज्जैन रोड इटावा में चल रही मेरे गणेश मिट्टी के गणेश कार्यशाला पर भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व महापौर रेखा वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही विशेष रूप से देवास नगर की मातृ शक्तियों ऋतु संवनेर, मनोरमा सोलंकी, वंदना पांडेय, विनीता व्यास, मधु शर्मा, उषा पुराणिक, संध्या आचार्य, वीणा महाजन, भूमिका शर्मा, विभा दुबे, प्रतिभा राजोरिया व अन्य कई मातृ शक्तियों ने विशेष रूप से उपस्थित होकर गणेश जी की मिट्टी की प्रतिमा का निर्माण किया। सभी अतिथियों ने कार्यशाला का निरीक्षण कर सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी ली। भाजपा अध्यक्ष सेंधव ने 9 वर्ष से जारी कार्यक्रम की सराहना की, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि प्रकति का कर्ज चुकाने के प्रयास करने होंगे मिट्टी के गणेश की स्थापना से हम प्लास्टर ऑफ पेरिस से होने वाले प्रदूषण को रोक सकते है। पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष यादव कहा कि मिट्टी के गणेश की प्रतिमा पानी मे आसानी से गल जाती है ओर धार्मिक आस्था का मान भी बना रहता है। पूर्व महापौर रेखा वर्मा ने संयोजक ऋचा दुबे व आदित्य दुबे के 9 वर्षो के लगातार प्रयास को सराहा। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियो को संयोजक ऋचा दुबे व आदित्य दुबे द्वारा आभार स्वरूप मिट्टी की गणेश प्रतिमा भेंट की गई।






















खबर संक्षेप

## पहलवान ने किया नगर का नाम रोशन



**जावर।** नगर परिषद जावर वार्ड 9 के निवासी पहलवान रिंकू मालवीय पिता पीरु पडियार ने विदिशा में हुए दंगल में दो पॉइंट से कुश्ती को जीत लिया। जब यह बात नगर परिषद के पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य को पता चली तब वह तुरंत रिंकू के घर पहुंचे। पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि रिंकू मालवीय ने मंडी में हमाली करते हुए शाम को अखाड़े में जाकर भी कुश्ती के दाव पेज सीखता था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने की वजह से व समय से पहले पिता के गुजर जाने से घर का बोझ रिंकू पर आ गया। लेकिन फिर भी सपनों को नहीं छोड़ा आज भी रिंकू मालवीय घर की जिम्मेदारी निभाते हुए जावर खेड़ापति हनुमान मंदिर श्री व्यायाम शाला अखाड़े मै उस्ताद ठाकुर हरपाल सिंह सेंधव से जाकर रोजाना प्रयास करके अखाड़े के दाव पेज सीखता है नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि जिन्हें उगना होता है वह पत्थर का सीना चीर कर भी उगते हैं कोशिश करने वालों की कभी हर नहीं होती नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने रिंकू मालवीय को विश्वास दिलाया की वह आगे भी उनकी मदद करते रहेंगे साथ ही नगर एवं क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों से भी आग्रह किया है कि ऐसी होनहार प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मदद करें इस अवसर पर अनोखी लाल मालवीय ,कमल सिंह, कमल सिंह मालवीय, राजमल मालवीय ,हीरालाल शर्मा, भेरूलाल मालवीय ,युवा नेता संजू मालवीय ,विकास खत्री, तनिष्क मालवीय सहित भारी संख्या में वार्ड के पुरुष महिलाएं एवं युवा उपस्थित थे।

## जावर मंडल ने महापुरुषों को किया याद




**जावर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि, कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती मनाई। जिसमें उपस्थित वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल और मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, खुमान सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद ,महामंत्री राजा ठाकुर, मदन विश्वकर्मा ,वीरेन्द्र ठाकुर, कैलाश सोलंकी, राजेंद्र सेंधव, धर्मेंद्र ठाकुर ,दयाराम परिहार, योगेश भावसार, हरेंद्र विश्वकर्मा, अंगूर ठाकुर, संजय पांचाल, दीपेंद्र सिंह, गोपाल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर श्री कृष्ण मंदिरों में भक्तों की रही भीड़

# रात 12 बजते ही गूंजा हाथी घोड़ा पालकी, जय हो नंद लाल की, निकाला चल समारोह, लगाया माखन मिश्री का भोग





## जन्माष्टमी के अवसर पर श्री जगदीशेश्वर धाम में अनेक आयोजन किए गए।


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शनिवार को क्षेत्र में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का अवसर पर अनेक आयोजन किया जा रहे हैं। जहां श्री जगदीशेश्वर धाम में जन्माष्टमी का अवसर पर अनेक आयोजन किए गए। तो वही शहर सहित ग्रामीण अंचल के सभी श्री कृष्ण मंदिरों में जन्माष्टमी की धूम रही। यादव अहीर समाज ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशाल जुलूस भी निकाल। दरअसल श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के यादव अहीर समाज के सभी युवा बुजुर्ग माता बहनों के द्वारा अहीर यादव समाज अध्यक्ष पवन यादव के नेतृत्व में विशाल भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा के साथ चल समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ मुख्य बाजार श्री जगदीशेश्वर धाम नगर पुरोहित मनीष पाठक, भागवत आचार्य दीपेश पाठक के उपस्थिति में गंज आष्टा में महाआरती प्रसादी वितरण के बाद संपन्न हुआ। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के चल समारोह और कार्यक्रम में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, ललित नागौरी, संतोष झवर, दिलीप शर्मा, नर्मदा प्रसाद सहित नगर के प्रमुख जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष पवन यादव, प्रेम यादव, सूरज यादव, साजन यादव लोकेश यादव, महेश यादव, संदीप यादव, कमल सरपंच बड़ी खेड़ी, दिनेश यादव, सुशील यादव, संजय यादव, रमेश यादव, लोकेश यादव और समाज के सभी वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर पालना झुलाया, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की दी बधाई

नन्द घर आनन्द भयो जय हो नन्दलाल की,हाथी घोड़ा पालकी जय हो कन्हैयालाल की जैसे एक नही अनेकों जय घोष के साथ रात 12 बजे नगर के सभी मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। रात 12 बजे सभी मंदिरों में भगवान का जन्मोत्सव के साथ आरती हुई एवं फलहारी प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान के जन्मोत्सव पर विधायक





गोपालसिंह इंजीनियर देर रात तक कार्यकर्ताओ के साथ नगर के अनेकों मंदिरों में पहुचे ओर जन्मोत्सव कार्यक्रमो में शामिल हो कर सभी नागरिको को भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव की बधाई दी। जन्माष्टमी का पर्व भादौंमास के कृष्णशुक्ल पक्ष की अष्टमी को असीम उत्साह व धूमधाम के साथ भक्तिवंदना के माहौल में मनाया गया। प्रातः जन्माष्टमी पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर जगदीश्वर धाम पहुचे एवं राधाकृष्ण जी के दर्शन किये तथा जन्माष्टमी पर मन्दिर पहुच कर प्रातः अभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए एवं अभिषेक आदि कर नगर पुरोहित जी का स्वागत सम्मान किया । शनिवार को आष्टा नगरी में चारो ओर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति ही भक्ति नजर आई। श्रीजगदीश्वर धाम में महा अभिषेक नगरपुरोहित पंडित मयूर पाठक पंडित मनीष पाठक पंडित डॉ दीपेश पाठक के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर के सभी प्रबुद्ध जन उपस्थित है। जन्माष्टमी पर नगर के सभी मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था। भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया । रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का मनमोहक श्रृंगार नयनाभिराम लग रहा था। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के साथ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, जितेन्द्र सोनी दादा, मोहित सोनी, धनरुपमल जैन, अर्जुन ठाकुरपंकज राठी, सौरभ जैन, सुमित मेहता, देवकरण पहलवान, बाबूलाल मालवीय सहित अन्य कार्यकर्ता साथ थे।

### रात 12 बजते ही श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर गूंजा नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

आष्टा ब्लॉक में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया मंदिरों में पूरा दिन मंदिर नंद के आनंद भयो हाथों घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की गूंज रही। रात 12 बजते ही सभी मंदिरों में महा आरती के साथ मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। मुख्य आयोजन कुमार मोहल्ला में मटकी फोड़ आयोजित कार्यक्रम हुआ जिसमें अनेक मंडलीय शामिल हुई। मंदिरों में झांकियां सजाने के साथ ही भजन मंडलियों ने भजन कीर्तन किया वहीं कई स्थानों पर युवाओं ने मटकी फोड़ का आयोजन भी किया पर्व को लेकर श्री कृष्ण मंदिरों में भव्य सजावट की गई थी फुल बांग्ला सजा तो कहीं भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए शहर के जगदीश्वर धाम में भी अनेक आयोजन किए गए 56 भोग के साथ महा आरती अभिषेक भी किया गया। साथी श्री कृष्ण मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर सहित शहर के 12 से अधिक मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए इसके अलावा आष्टा ब्लॉक के जावर, सिद्धिगंज ,खाचरोद, मेहतवाड़ा, कोठरी , मेना आदि क्षेत्रों के श्री कृष्ण मंदिरों में भी विशेष आयोजन किए गए थे। जगदीश्वर धाम के पंडित दीपेश पाठक ने बताया कि कान्हा जी को अहमदाबाद से लाई गई नवीन पोशाक पहनाई गई जिसका मूल उद्देश्य यह होता है की संपूर्ण क्षेत्र में अर्थात नगर समाज हित के लिए मंगल समृद्ध व वैभवशाली रहे। पंडित दीपेश पाठक ने बताया कि जगदीश्वर धाम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अलग साधनों से भगवान लड्डू गोपाल का महा अभिषेक किया गया कई फलों के साथ और इस वर्ष पीली सरसों से भगवान बाल गोपाल का अभिषेक किया गया रात्रि को 12 बजे महाआरती के साथ अभिमंत्रित सरसों से भक्तों को वितरित की गई महाआरती के बाद प्रसादी वितरित की गई।

# ग्राम बमुलिया में मनाई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम बमुलिया रायमल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। मंदिर से शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। मंदिरों में सुबह से भजन संध्या, पुजा अर्चना की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी त्योहार को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया। कृष्ण मंदिर, राम मंदिर को फुलों से सजाया। जन्माष्टमी के दिन गांव में प्राचीन श्री कृष्ण मंदिर में विशेष आयोजन कर कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया। शोभायात्रा 4 बजे से प्रारंभ हुई इसके बाद 8 बजे कृष्ण मंदिर में आरती हुई। आरती का आयोजन व छप्पन भोग महाप्रसादी का वितरण किया। पुजारी दिनेश शर्मा ने बताया कि उसके पश्चात रात्रि 12 बजे आरती हुई और लोगों ने उपवास छोड़ा श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया।

## बर्बरी महाराज खाटू श्याम के रूप में पहचाने जाते हैं: पूजा वैष्णव

**जावर।** मेहतवाड़ा मैं चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के पंचम दिवस के अवसर पर श्री राम मंदिर में भारी संख्या इस परिसर के बीच भागवतचार्य पूजा वैष्णव ने बर्बरी महाराज की कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि बर्बरी महाराज एक महान योद्धा थे और घटोत्कच और अहिल्यावती के पुत्र थे बर्बरी को उनकी माता ने सिखाया था कि हमेशा हारने वाले का पक्ष का साथ देना चाहिए बरबरी ने भगवान शिव की तपस्या कर अमोघ बंद प्राप्त किया इन वाणों में इतनी शक्ति थी की पलक झपकते ही किसी युद्ध को समाप्त कर सकते थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कल्याण सिंह ठाकुर, अके सिंह ठाकुर, रूप सिंह ठाकुर, ज्ञान सिंह मामा, राजेश शर्मा, धीरज सिंह नागराज, शोभाल सिंह ठाकुर, अरविंद सिंह ठाकुर, मोहनलाल आर्य, सुरेंद्र पडियार, मुकेश कुमार भावसार, लखन जायसवाल, लोकेंद्र भावसार, बबलू ठाकुर, मंगल ठाकुर, रघुवीर ठाकुर, आदि मौजूद थे ।



# मार्टिनेट विद्यालय में उत्साह के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस, भारत माता की जय से गूंज उठा परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के अलीपुर क्षेत्र में स्थित मार्टिनेट कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही उत्साह के मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे परिसर को भारत माता की जय के नारो से गूंजायमान कर दिया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ। विद्यालय में यह परंपरा है कि ध्वजारोहण विगत वर्ष में कक्षा 10 में विद्यालय में प्रथम और द्वितिय स्थान पर आए विद्यार्थियों द्वारा करवाया जाता है। इस बार यह सम्मान छात्र देवेन्द्र मेवाड़ा तथा छात्रा अनुराधा मालवीय को देते हुए उन्हीं के द्वारा ध्वजारोहण करवाया गया। तत्पश्चात विद्यालय में संचालित संगीत कक्षा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। आयोजन का संचालन कर रहें अतुल जैन सुराणा द्वारा सभी से तिरंगे को सलामी दिलवाई गई। इसके बाद विद्यालय के डायरेक्टर नोशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, एकेडमिक इंचार्ज अतुल सुराणा, शिखा तिवारी, वित्तीय प्रबंधक रेखा शर्मा व आईटी इंचार्ज कुशल भूतिया द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया। राष्ट्र की समृद्धि तथा प्रगति की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का उत्साह भी अपने चरम पर रहा। इस बार अलीपुर क्षेत्र के सभी विद्यालयों नें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामूहिक प्रभात फेरी अलीपुर क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से होती हुई निकाली। विद्यालय में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद प्रभात फेरी हेतु विद्यार्थियों को व्यवस्थित करते हुये इन्दौर नाके पर ले जाया गया। इस रैली में कुछ बालिकाओं नें भारत माता का रूप धारण किया हुआ था तथा कुछ छोटे-छोटे बच्चे चंद्रशेखर आजाद, झांसी की रानी तथा नरेन्द्र मोदी की वेशभूषा में सुशोभित हो रहे थे जो रैली के साथ चल रही खुली जीप पर आकर्षण का केन्द्र बने हुये थे। अलीपुरवासियों तथा विभिन्न सामाजिक संस्थानों नें कई स्थानो पर पुष्पवर्षा के साथ इस प्रभात फेरी का स्वागत कर अपनी देश भक्ति को प्रदर्शित किया। कुछ संस्थाओं नें मंच के माध्यम से विशिष्ट वेशभूषा धारण किये हुये बच्चो तथा विद्यालय के प्रबंधक का शील्ड देकर भी सम्मान किया। कई समाजसेवियों नें रैली के बच्चो को मिठाई, टॉफी, बिस्किट आदि का वितरण भी किया। पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ था।प्रभात फेरी के समापन पर सभी विद्यार्थी पुनः विद्यालय पहुंचे जहां उन्हें विद्यालय की ओर से मिठाई का वितरण किया और आयोजन का समापन हुआ।

### साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी की निश्रा में तपस्वियों के तप वधामणा का आयोजन संपन्न

# 29 अगस्त को होगा समापन, तपस्वियों की निकलेगी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री महावीर स्वामी श्वेताम्बर जैन मंदिर, गंज में चातुर्मास हेतु साध्वीमण्डल मंदिर के उपाश्रय में विराजमान है। साध्वीमंडल में ढंक तीर्थोद्धारिका साध्वी. श्री चारूव्रताश्रीजी की शिष्यासाध्वी श्री नम्रव्रता श्री जी , मग्नव्रताश्रीजी और मीतव्रता श्री जी शामिल हैं। साध्वीवर्या की पावन निश्रा में धर्मानुरागी जन बढ़-चढ़कर तपस्या में भाग ले रहे है और 45 दिनो के सिद्धितप गतिमान हैं।

जिनका समापन 29 अगस्त को तपस्वियों की शोभायात्रा तथा मानस भवन में बहुमान समारोह के साथ किया जायेगा।नगर के मानस भवन में इन्हीं तपस्वियों की अनुमोदना करते हुये इनके स्वागत, सत्कार के साथ सभी के तप वधामणा का आयोजन किया गया। जिसमें इन्दौर से पधारे संगीतकार और भजनगायक विवेक कुमार भंडारी नें अपने भक्तिमय भजनो से चार चांद लगा दिये। सिद्धितप के इन सभी 14 तपस्वियों का उपवास होते हुये भी उनका चेहरा तेजस्वी था और नाचते हुये उन्होंने पूरी सभा के सामने मंच पर प्रवेश किया फिर चावल की वर्षा के साथ परिवारजनो, इष्ट मित्रो एवं समाजजनों नें उनका स्वागत करते हुये उनके तप का अनुमोदन किया। पिछले दिनों क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी अपनी पूरी टीम के साथ इन तपस्वियों का बहुमान करने प्रत्येक तपस्वी के घर पहुंचे थे। सिद्धितप तपस्वियों में नूरांश श्रीश्रीमाल, यश मेहता, पराग धाड़ीवाल, उमेश श्रीश्रीमाल, कु. नेहल सुराणा, कु. कृति वोहरा, सोनम देशलहरा, शेफाली देशलहरा, प्रमिला श्रीश्रीमाल, हीरा ललवानी, साधना वेदमुथा, संगीता सुराणा, सुनीता कटारिया तथा अरूणा कोचर सम्मिलित है। साध्वीवर्या की प्रेरणा से प्रति रविवार जो एकासने की तपस्या चल रही है उसका इस बार का लाभार्थी परिवार श्रीमान मनोहरलाल पवन कुमार श्रीश्रीमाल परिवार रहा। साथ ही 29 अगस्त को इन सभी तपस्वियों के मानस भवन में आयोजित भव्य आयोजन में पारणा कराने का लाभ प्रकाशचंद सिरेमल वोहरा परिवार को प्राप्त हुआ वहीं सोने की गिन्नी के साथ बहुमान करने का लाभ श्रीमान चांदमल सुरेशचंद धाड़ीवाल परिवार को मिला।

साध्वीवर्या द्वारा बच्चो में संस्कारो को बीजारोपण करने हेतु शिविर भी लगाया जा रहा है जिसका लाभार्थी परिवार श्रीमान बागमल प्रेमचंद वेदमुथा परिवार रहा। श्री जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, महावीर स्वामी गंज मंदिर ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति के पदाधिकारी नगीन वोहरा एडवोकेट, पवन सुराणा, प्रदीप धाड़ीवाल, देशचंद वोहरा, भावना वोहरा, चंदा वोहरा, पवन श्रीश्रीमाल, अतुल सुराणा, मनोज ललवानी द्वारा सभी लाभार्थियों का पगड़ी पहनाकर एवं मोतियो की माला के साथ बहुमान किया गया। आयोजन में जैन श्वेताम्बर समाज के समाजजनो की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

# देश भक्ति फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन मुनि निर्वेग सागर जी महाराज की प्रेरणा से नगर में संचालित आचार्य विद्यासागर पाठशाला पारस विद्यायतन बड़ा बाजार में बच्चों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश भक्ति फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चो ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ राष्ट्रीय महापुरुषों के वेश भूषा पहन कर अपनी राष्ट्र भक्ति का परिचय दिया कार्यक्रम मे पाठशाला की शिक्षिका बहने मनीषा जैन जादूगर, स्वेता जैन, कविता श्रीमोड, स्वेता जैन, नेहा अष्टपगा ज्योति जैन पोरवाल ज्योति जैन, हिमानी जैन मोनिका जैन उपस्थित रही। पाठशाला के संचालक गणों द्वारा सभी बच्चो को सम्मानित गया।